आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 25.05.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है—मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने दंतेवाड़ा जिले के दसवीं और बारहवीं परीक्षा के शानदार नतीजों और कोरिया जिले के सोनहनी शहद ब्रांड का भी किया उल्लेख।

2— भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

3— रायपुर में एक मरीज में कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के लिए दिशा—निर्देश जारी कर दिए हैं।

4— मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना जताई।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है। उसने हर हिंदुस्तानी का सर ऊचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने, सीमा पार कर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। वह अद्‌भुत है, ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी हथियारों ने दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है।

श्री मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे से सराबोर कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तमाम चुनौतियों के बीच लोगों ने अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में दसवीं और बारहवीं परीक्षा के नतीजे शानदार रहे। ऐसे बदलाव हम सभी को गर्व से भर देते हैं।

दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे। करीब 95 प्रतिशत रिजल्ट के साथ ये जिला दसवीं के नतीजे में टॉप पर था। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया। सोचिए जिस दंतेवाडा जिले में कभी माओवाद चरम पर था। वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है ऐसे बदलाव हमें सभी को गर्व से भर देते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में मधुमक्खी पालन में एक मधुर क्रांति हुई है। शहद उत्पादन और निर्यात में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में आ चुका है। श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले का उदाहरण देते हुए कहा कि यह बदलाव सिर्फ आंकड़ों में नहीं, बल्कि गांव की जमीन पर भी साफ नजर आ रहा है।

मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने विश्व योग दिवस को लेकर कहा कि इस वर्ष भी दुनियाभर के लोगों में योग का लेकर जोश और उत्साह नजर आ रहा ळें

मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री आभार

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दंतेवाड़ा और बस्तर की प्रशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनका आभार जताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार प्रधानमंत्री के विकसित भारत के नक्शे कदम पर चल रही है और विकसित छत्तीसगढ़ इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगा।

दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि जिले में शिक्षा के प्रसार और परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए अनेक पहल की गई।

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले का भी उदाहरण दिया। इस जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने बताया कि सोनहनी परियोजना सोनहत के जंगलों में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से शुरू की गई है। इस शहद को बनाने के लिए सिर्फ जंगल के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है।

जिले के किसान कंदुराम कुर्रे ने बताया कि मधुमक्खी पालन से हमारी आमदनी में बढ़ोतरी हुई है।

कोरिया जिले का सोनहनी मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा कही गई इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय स्तर पर बने शहद की हर बूंद में स्वाद ही नहीं, भारत की मेहनत और उम्मीदें घुली होती है। शहद की यह मिठास आत्मनिर्भर भारत का स्वाद है।

भारत–अर्थव्यवस्था

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा है कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद डॉ. सुब्रह्मण्यम ने भरोसा जताया कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

कोरोना–मरीज

रायपुर में एक मरीज में कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के लिए दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में कोविड–नाइंटीन की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी हैं और विभाग की टीम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

इस बीच, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर प्रियंका शुक्ला ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के सर्वेलेन्स अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पतालों में आने वाले ऐसे मरीज जिन्हें सर्दी खाँसी, बुखार अथवा गले में खराश हो, उनकी समुचित देखभाल की जाए।

झीरम–श्रद्धांजलि

झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं पर हुए हमले को आज बारह वर्ष हो गए हैं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने झीरम घाटी में बने शहीद स्मारक पहुंचकर कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और कार्यकर्ताओं ने भी दरभा जनपद पंचायत पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि पच्चीस मई दो हजार तेरह को बस्तर संभाग की झीरम घाटी में माओवादियों द्वारा किए गए हमले में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और सुरक्षा बल के जवानों सहित करीब तीस लोगों की मौत हो गई थी।

<u>दुर्घटना</u>

महासमुंद जिले में बीते चौबीस घंटों में हुए दो सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई है।

जिले के तुमगांव में राष्ट्रीय राजमार्ग–तिरपन पर आज एक तेज रफ़्तार कार खड़ी हुई हाईवा से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

वहीं, इसी जिले के सरायपाली शहर में कल शाम एक मोटर साइकिल पर सवार चार युवक बिजली के खंभे से टकरा गए। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, दो अन्य युवकों ने रायपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के करीब आठ जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें सुकमा, धमतरी, महासमुंद, जशपुर और रायगढ़ शामिल हैं। इन जिलों में तेज हवा के साथ आकाशीय बिजली गिरने और बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>